भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 801

सोमवार, 7 फरवरी, 2022/18 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

ओंकारेश्वर मंदिर का विकास

801. श्री ज्ञानेश्वर पाटीलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की पर्यटन की दृष्टि से अन्य ज्योतिर्लिंगों के अनुरूप ओंकारेश्वर मंदिर परिसर को विकसित करने की विस्तृत योजना है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु ओंकारेश्वर मंदिर परिसर से सटे नर्मदा नदी के घाटों के पुनर्विकास और रखरखाव के लिए कोई योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की भावी योजनाएं क्या हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): जी हाँ, महोदय। मध्य प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017-18 में "प्रशाद योजना के तहत ओंकारेश्वर का विकास" परियोजना को स्वीकृति दी गई है। परियोजना की स्वीकृत लागत 44.83 करोड़ रु है। इस परियोजना में नर्मदा नदी पर गौ घाट के विकास के कार्य शामिल हैं।

परियोजना का निष्पादन राज्य सरकार द्वारा सभी प्रकार से पूरा कर लिया गया है।

****